दैनिक जागरण
21/02/2023

# जिमनास्टिक प्रतियोगिता में जीएमएन कालेज बना चैंपियन



जिमनास्टिक में विजेता जीएमएन कालेज के विद्यार्थी प्राचार्य व अन्य के साथ। ● विज्ञप्ति

**अंबाला :** गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज अंबाला छावनी ने आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक पुरुष, आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक महिला और रिदमिक जिम्नास्टिक महिला इंटर कालेज के तीनों में चैंपियनशिप पर कब्जा किया। चैंपियनशिप 16-17 फरवरी में कुरुक्षेत्र विवि मे आयोजित की गई। आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक में जितेंद्र और रुचि बेस्ट जिमनास्ट घोषित किए गए। जितेंद्र के 6 गोल्ड, एक सिल्वर, एक ब्रांज, सुनीत ने एक गोल्ड, एक सिल्वर, एक ब्रांज, हिमांशु ने दो गोल्ड और प्रेम ने एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल हासिल किए। यश ने एक गोल्ड व दो ब्रांज मेडल प्राप्त किए, जबकि हरमन एक गोल्ड, रुचि भट्ट ने 4 गोल्ड एक सिल्वर, कृतिका ने एक गोल्ड, एक ब्रांज, सुनीता शाही ने एक गोल्ड, एक सिल्वर और सिमरन, निधि, काजल ने एक-एक गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा रिचा प्रोच ने 4 गोल्ड, 2 सिल्वर, हिना, वर्षा और नैंसी ने गोल्ड मेडल जीता। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने पदक विजेताओं को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।